**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2537**
**सोमवार, 17 मार्च, 2025**/26 **फाल्गुन**, **1946 (शक)**

**रोजगार मेले**

**2537. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**
**श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान और आज तक देश में आयोजित रोजगार मेलों का महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा दादरा और नगर हवेली सहित राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त मेलों के लाभों/प्रभावों का ब्यौरा क्या है;
(ग) इन मेलों के माध्यम से रोजगारप्राप्त व्यक्तियों की संख्या कितनी है और रोजगार के क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त मेलों में भाग लेने वाले नियोक्ताओं की संख्या कितनी है और उनके माध्यम से अब तक कुल कितने व्यक्तियों को रोजगार मिला है;
(ड) इस संबंध में किए जाने वाले संभावित उपायों का ब्यौरा क्या है;
(च) क्या दादरा और नगर हवेली में बेरोजगार युवाओं को अभी भी नौकरी नहीं मिल पा रही हैं;
(छ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ज) सरकार द्वारा दादरा और नगर हवेली में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
(झ) इस संबंध में किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (झ) भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय, राष्ट्रीय रोजगार सेवा में बदलाव के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है ताकि एक डिजिटल पोर्टल - www.ncs.gov.in (एनसीएस पोर्टल) के माध्यम से विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं जैसे रोजगार खोज और मिलान, करियर परामर्श, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगार योग्यता मूल्यांकन, रोजगार योग्यता संवर्धन प्रशिक्षण आदि प्रदान की जा सकें।

राज्य सरकारों/मंत्रालयों/विभागों आदि द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नियमित रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक 28 फरवरी, 2025 तक पिछले पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और दादरा एवं नगर हवेली सहित देश भर में राज्य रोजगार कार्यालयों/आदर्श करियर केंद्रों द्वारा आयोजित किए गए रोजगार मेलों तथा रोजगार चाहने वाले प्रतिभागी और अनंतिम रूप से चयनित रोजगार चाहने वालों एवं प्रतिभागी नियोक्ताओं का ब्यौरा इस प्रकार है:

| रोजगार मेले | रोजगार चाहने वाले प्रतिभागी | रोजगार चाहने वाले चयनित | प्रतिभागी नियोक्ता |
|---|---|---|---|
| 42,981 | 40,88,791 | 18,69,833 | 1,25,093 |

रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किया जाता है, जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है। सर्वेक्षण अवधि प्रतिवर्ष जुलाई से जून होती है।

नवीनतम वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) वर्ष 2020-21 में 54.0% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 67.8% हो गया है।

युवाओं के लिए रोजगार सृजन के साथ-साथ नियोजनीयता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। तदनुसार, सरकार दादरा एवं नगर हवेली सहित पूरे देश में विभिन्न रोजगार सृजन योजनाएं/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है। इनमें अन्य बातों के अलावा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई), ग्रामीण स्वरोजगार और प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम), प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्टैंड-अप इंडिया योजना, स्टार्टअप इंडिया आदि शामिल हैं। सरकार द्वारा लागू की जा रही विभिन्न रोजगार सृजन योजनाओं/कार्यक्रमों का विवरण https://dge.gov.in/dge/schemes_programmes पर देखा जा सकता है।

*****